अखबार नहीं आंदोलन

# प्रभात खबर

कोलकाता । रांची । पटना । जमशेदपुर । धनबाद । देवघर । मुजफ्फरपुर । भागलपुर से प्रकाशित

कोलकाता, शुक्रवार
16.12.2022
पौष कृष्ण 8 संवत 2079
पृष्ठ 12, मूल्य : ₹ 5
सिलीगुड़ी संस्करण
वर्ष : 23, अंक : 342
रजिस्ट्रेशन : WBHIN/2000/2711
prabhatkhabar.com




विजय दिवस आज




देश-विदेश | 11


जिस देश ने ओसामा को पनाह दी, वह हमें उपदेश न दे




विशेष | 08


भिखारी ठाकुर : लोक जीवन का चितेरा



एस्ट्रो गाइड

**तिथि :** अष्टमी तिथि रात्रि 10 .22 तक उपरांत नवमी तिथि
**नक्षत्र :** उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र रात्रि 5 .29 तक उपरांत हस्त नक्षत्र
**पक्ष :** कृष्ण, मास- पौष, विक्रम संवत- 2079, शक संवत- 1944
**बंगला :** तारीख- 29, दिन- शुक्रवार, मास- अग्रहायण, बंगाब्द- 1429 .
- डॉ एनके बेरा



आज सूर्यास्त 04:58 बजे | कल सूर्योदय 06:17 बजे



# दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के छात्रों ने उठाया पिकनिक का आनंद

**आसनसोल.** स्कूल पिकनिक जीवन का वह समय होता है, जो आजीवन याद रहता है. पिकनिक जैसे कार्यक्रमों का आयोजन छात्रों को पढ़ाई के तनाव से अस्थायी रूप से राहत दिलाता है. इसका आनंद उठाने के उपरांत वे एक नयी ऊर्जा से भर जाते हैं और नए सिरे से कार्य आरंभ करते हैं. पिकनिक की स्मृतियां रोमांचित कर देने वाली होती हैं. विगत दिन दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के प्री नर्सरी से कक्षा तीन तक के बच्चों के लिए पैनोरमा वाटर पार्क को पिकनिक स्थल के रूप में चुना गया. पार्क में प्रवेश करते ही बच्चों ने धूम मचा दी. बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ वहां स्थित विभिन्न राइड्स जैसे-डैशिंग कार, मैरीगो राउंड, कप प्लेट, कंगारू एवं किटी राइड पर खेलकर खूब मस्ती की.



पिकनिक का आनंद उठाते दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के बच्चे.

अध्यापिकाओं ने उन्हें स्टेच्यू पार्क की सैर भी करायी. इस दौरान बच्चों ने जायकेदार खाने का आनंद लिया. कोरोना महामारी के दो वर्ष के लंबे अंतराल के बाद बच्चों को पहली बार मौज-मस्ती का इतना सुंदर मौका मिला था. इसी मनोभाव को समझते हुए प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने एक समिति बना कर सुरक्षा के सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम का आयोजन किया. कार्यक्रम की सफलता पर प्रधानाचार्य ने छात्रों व अध्यापकों को शुभकामनाएं दीं.